# Chapter – 1

## What is WordPress? How to work WorkPress.

आजकल ब्लॉग शब्द बहुत ही प्रचलन में है लोग अपने ब्लॉग लिखते है,किसी भी सोशल साईट पर देख लीजिये आपको ब्लॉग्स देखने मिल जायेंगे| ब्लॉग सबसे ज्यादा चर्चा का विषय है सेलेब्रिटी हो ,नेता मंत्री या आम जनता सभी ब्लॉग लिख रहे है |अब दिमाग में ख्याल आता है ब्लॉग क्या और कैसे लिखते है तो चलिए इस पोस्ट में हम जानेगे ब्लॉग ,ब्लॉगिंग और वर्डप्रेस के बारे में |

### ब्लॉग क्या है (What is Blog? )

ब्लॉग एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां आप अपनी नॉलेज अपने शब्दों में व्यक्त कर सकते हैं और अपने यूजर्स को उस विषय के बारें में जानकारी दे सकते हैं जिस विषय के बारे में आप अच्छी जानकारी रखते हैं, आप उस विषय से संबंधित अपना ब्लॉग स्टार्ट कर सकते हैं |




### ब्लॉगिंग कैसे करे (How to blogging ?)

ब्लॉगिंग के लिए आपको जरुरत है ब्लॉगिंग टूल की,ब्लॉगिंग के लिए आप इस्तेमाल कर सकते है वर्डप्रेस | अब हम जानेगे वर्डप्रेस क्या है ?

### वर्डप्रेस क्या है (What is WordPress?)

वर्डप्रेस एक ऑनलाइन ओपन सोर्स वेबसाइट बनाने वाला टूल है, जो ऑनलाइन वेबसाइट बनाने का काम करती है। वर्डप्रेस को PHP प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का इस्तेमाल करके बनाया गया है | आज के समय में अगर कहा जाए तो यह आसान और सबसे शक्तिशाली ब्लॉगिंग वेबसाइट कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम है | इस कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम में वेबसाइट को मैनेज करने के लिए हजारों थीम्स और प्लगइन उपलब्ध है|

वर्डप्रेस Matt Mullenweg ने PHP और MySQL में बनाया,एवं इसे 27 May 2003 को ओपन सोर्स के रूप में लॉन्च कर दिया था| आज यह सिर्फ एक ब्लॉगिंग प्लेटफार्म नही है, बल्कि यह दुनिया का सबसे popular content management system (CMS) बन चुका है और आज इन्टरनेट पर मौजूद 7 करोड़ से भी ज्यादा websites इसी WordPress से बनाये गये हैं।

वर्डप्रेस की तरह ही बहुत सारे और भी Content Management System (CMS) Free Open Source हैं, जैसे Joomla, Bootstrap, Tumblr , Drupal, लेकिन वर्डप्रेस सबसे ज़्यादा प्रयोग किया जाने वाला लोकप्रिय CMS है |

इसे इन्टरनेट से फ्री में डाउनलोड किया जा सकता है और अपने वेब सर्वर पर install करके बड़ी आसानी से वेबसाइट या ब्लॉग बनाया जा सकता है।



## वर्डप्रेस कैसे काम करता है (how to work WordPress?)

अगर हम कुछ वक़्त पहले की ही बात करे तो उस वक़्त वेबसाइट या फिर ब्लॉग बनाना आसान काम नहीं था,क्योंकि वेबसाइट या ब्लॉग बनाने का काम सिर्फ वेब डेवेलपर और वेब डिज़ाइनर ही करते थे| कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम पहले से बना नहीं था तो इसे वेब डेवेलपर्स खुद तैयार करते,फिर उस पर काम करते थे| इसके लिए प्रोग्रामिंग लैंग्वेज की जानकारी होना महत्वपूर्ण होता था | इस तरह वेबसाइट की डेवलपमेंट और डिजाइनिंग में काफी समय लगता था। अभी के दौर में Blogging के लिए वर्डप्रेस सबसे आसान और शक्तिशाली Content Website Management है,जिसे संछिप्त में CMS भी कहा जाता है|

इसका मतलब यह है की एक डेवलपर को वेबसाइट के पेज में कंटेंट्स और डिज़ाइन के लिए लिए हर काम स्वयं नहीं करना पड़ता है| जैसे थीम ,Mobile Responsive थीम, Plugins बने बनाये मिल जाते हैं, और बस उन्हें इनस्टॉल कर के प्रयोग करना होता है । वर्डप्रेस पर किसी भी तरह की वेबसाइट को आप अपने हिसाब से

कस्टमाइज कर के बना सकते हैं| आप चाहो तो इसे वेबसाइट के रूप में इस्तेमाल कर सकते है,शॉपिंग के लिए WooCommerce वेबसाइट बना सकते हो या फिर ब्लॉग बनाके ब्लॉगिंग कर सकते है|




## WordPress का इतिहास

*सन 2001:*

Michel Valdrighi नाम के एक French programmer ने एक 2001 में blogging tool बनाया था जिसे b2/cafelog नाम दिया गया था असल में यही वर्डप्रेस के लिए नीव बनी। लेकिन 2002 में Valdrighi ने इसका development बंद कर दिया।

*सन 2003:*

Matt Mullenweg और Mike Little नाम के दो लोगों ने इसी टूल से idea लेकर WordPress बनाया और पहला version launch किया।

*सन 2004:*

वर्डप्रेस में पहली बार plugin system को जोड़ा गया।

*सन 2005:*

पहली बार Theme system add किया गया और एक default template डाला गया इसके अलावा Image upload की सुविधा डाली गयी, import system को improve किया गया और भी कई टूल्स जोड़े गये।

*सन 2007:*

नया interface design किया गया और auto save, spell checking जैसे features डाले गये|

## WordPress का प्रयोग

- Business website
- School/College Websites
- Business directory
- eCommerce site
- Question answer website
- Coupon website
- Online Course selling website
- Social network
- Forum
- Personal website
- Blog
- Static website
- News website
- Job portal
- Portfolio
- Multilingual Websites
- Wiki sites
- Review site
- Real Estate Websites
- Online examination site
- Auction website
- Affiliate Website
- Podcast
- Photo Gallery
- Classified Ad
- Job board
- Membership Website

## WordPress कैसे प्राप्त करें

पारंपरिक डेस्कटॉप सॉफ्टवेयर के विपरीत, वर्डप्रेस ऑनलाइन चलता है। इसे चलाने के लिए आपको अपने कंप्यूटर में कुछ भी अलग से इनस्टॉल करने की जरुरत नहीं हैं और न ही आपको किसी विशेष डिवाइस की आवश्यकता है। आप अपनी वेबसाइट को इन्टरनेट कनेक्शन के माध्यम से कहीं से भी अपडेट कर सकते हैं यहां तक कि आप अपने स्मार्टफोन से भी वेबसाइट बना सकते हैं। यहां तक कि iPhones और Android फोन के लिए तो मुफ्त WordPress मोबाइल ऐप हैं।

## वर्डप्रेस की आवश्यकता (Requirement of WordPress )

अप्रैल 2018 तक के डाटा के अनुसार पूरी दुनिया में 10 मिलियन वेबसाइट हैं उनमे से 30.6 % वर्डप्रेस पर बनी हुई हैं| इसीलिए वर्डप्रेस दुनिया का सबसे लोकप्रिय और सबसे ज़्यादा प्रयोग होने वाला वेबसाइट मैनेजमेंट सिस्टम है | अभी वर्डप्रेस में लगभग 50,316 plugin है जिसमे से हर plugin Custom फंक्शन देते हैं और ज़रूरत के हिसाब से सेवा देने के लिए बनाये गए हैं|

ब्लॉगर के लिए SEO की जानकारी उतनी ही जरुरी है जितनी डॉक्टर को मेडिसिन की| Blogger.com प्लेटफार्म में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन के लिए सारा काम खुद ही करना पड़ता है| सभी जानते हैं की ब्लॉगिंग में सोशल सिग्नल्स भी जरुरी हैं ब्लॉगर के पोस्ट को मैन्युअली शेयर करना पड़ता है| जबकि wordpress में हमे अनगिनत और फायदेमंद प्लगइन मिलते हैं| इसमें हर काम के लिए प्लगिन्स हैं|

## वर्डप्रेस में प्रयोग होने वाले कुछ प्रचलित प्लगइन

**Yoast SEO** – सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन के लिए बेस्ट प्लगइन|
**Jetpack** – Social media साइट्स पर डायरेक्ट पोस्ट शेयर करने के काम आता है|
**WP Super Cache, W3 Total Cache, WP Rocket** – वेबसाइट को सुपरफास्ट लोड कराता है|
**One Signal Push Notification** – सब्सक्राइबर को पोस्ट पब्लिश और अपडेट करने पर नोटिफिकेशन भेजने के लिए|
**Google Analytics** – ट्रैफिक पर नज़र रखने में ये बहुत मददगार है|
**Contact Form 7** – विजिटर कमेंट एक्सेप्ट करने के लिए ये फॉर्म प्रोवाइड करता है|
**Akismet Anti-Spam** – Spam comments और spam login से ब्लॉग को सुरक्षित रखता है|

## वर्डप्रेस उपयोग करने के तरीके

आपकी वर्डप्रेस वेबसाइट को होस्ट करने के दो तरीके हैं-

### *Blogging in WordPress*

अब आपके मन में ये सवाल उठ रहा होगा की वर्डप्रेस फ्री है या चार्ज लगेगे | वर्ड प्रेस फ्री सर्विस है लेकिन यह अपनी सर्विस दो तरीको से देता है जिसमे ये खुद 2 अलग-अलग प्लेटफार्म का प्रयोग करता है ।

1. WordPress.com
2. WordPress.org




## WordPress.com

अगर आप अपने डोमेन और होस्टिंग का खर्च स्वयं नहीं उठाना चाहते हैं| तो फिर wordpress.com आपके काम की वेबसाइट है| इसमें न तो आपको होस्टिंग का चार्ज देना है और न ही वेब सर्वर के लिए पैसे देना है,यह इस्तेमाल करने के लिए बिलकुल फ्री है|

WordPress.Com पर आप बिलकुल फ्री में एक ब्लॉग बना सकते है। इसके लिए आपको किसी Web Hosting और Domain की आवश्यकता नही होती। जिस प्रकार आप गूगल के Blogger.Com पर अपना कोई Blog Create करते है ठीक उसी प्रकार WordPress.Com काम करता है।

इसमें आपको अपनी वेबसाइट को कस्टमाइज करने का भी ऑप्शन मिलता है| wordpress.com में वेबसाइट बनाने के कुछ नुकसान भी है, जैसे की आपके डोमेन में default wordpress.com जुड़ा रहेगा| आप वेबसाइट के लुक को बदलने के लिए इसमें अलग से कोई थीम अपलोड नहीं कर पाएंगे| इसके अलावा plugin का भी इस्तेमाल नही कर पाएंगे

## WordPress.org

WordPress.Org पर आप एक Professional Website या Blog बना सकते है। लेकिन यह एक Paid Service है क्योकि इस पर Website बनाने के लिए आपको Web Hosting और Domain ख़रीदना पड़ता है उसके बाद ही आप इस पर काम कर सकते है। जितने भी बड़े-बड़े Blogger है वो सब इसी पर काम करते है|

जब आप खुद की वेबसाइट के लिए अपना एक डोमेन नाम खरीदते हो और वेब होस्टिंग सर्वर लेकर उस पर वर्डप्रेस इनस्टॉल करते हो, तो फिर ये वर्डप्रेस wordpress.org पर काम करता है| यहाँ आपको अलग-अलग बहुत सारे फायदे मिलते हैं जो wordpress.com पर नहीं होते हैं| इसके लिए आप अपना Top Level Domain चुन

सकते हो, जिसके लिए आप कम से कम एक साल के लिए डोमेन खरीद सकते हो और आवश्यकतानुसार उसे हर साल रिन्यू करा सकते हो,इसके साथ ही आप किसी भी वेब होस्टिंग कंपनी से Monthly/Yearly बेसिस पर होस्टिंग भी खरीद कर अपनी वेबसाइट के डोमेन को उसमे पॉइंट कर के होस्ट कर सकते हो ।

## WordPress.org पर वेबसाइट बनाने के कुछ महत्वपूर्ण सुविधाएँ

### *Plugins*

WordPress Plugin, users को Website/Blog की फंक्शन और फीचर को बढ़ाने की अनुमति देता है| WordPress में 50316 plugins उपलब्ध हैं,जिसमे से प्रत्येक अपने तरीके से फंक्शन को बढ़ा कर वेबसाइट की कार्य क्षमता को बढ़ाते हैं |



### *Theme*

वर्डप्रेस यूज़र को अपनी वेबसाइट के लिए हज़ारो थीम इनस्टॉल करने की सुविधा प्रदान करता है इसके साथ ही वर्डप्रेस प्लेटफार्म पर आप जब चाहे तब एक थीम से दूसरे थीम पर स्विच कर सकते हैं | वर्डप्रेस की वेबसाइट में Core code या site content में बिना कुछ बदलाव किये यूज़र|थीम के look और function को बदल सकते हैं ऐसी सुविधा वर्डप्रेस देती है| हर वर्डप्रेस की वेबसाइट में कम से कम एक |थीम होती ही है, और प्रत्येक थीम की डिजाइनिंग वर्डप्रेस के स्टैण्डर्ड के अनुसार होना चाहिए,जिसमे Structured PHP , valid HTML (Hypertext Markup language) और Cascading Style Sheets ( CSS ) भी शामिल होते हैं ।




### *Mobile Application*

WordPress का  Native Application, WebOS, Android OS, iOS, Windows Phone और  Blackberry के लिए भी उपलब्ध है | इन एप्लीकेशन में आप Website/Blog में नए पोस्ट और पेज जोड़ सकते हैं, इसके साथ ही आप डिज़ाइन, कमेंट सकते हैं ।

### *Multi user Blogging*

WordPress में एक और ऐसी सुविधा जो बहुत ही महत्वपूर्ण है| इसमें एक से अधिक यूजर को रखा जा सकता है| अपनी मर्ज़ी के अनुसार हम चाहे तो इसमें 3-5 जितने चाहे उतने ब्लॉगर रख सकते हैं,और काम करा सकते हैं| इसके ज़रिये हम प्रत्येक यूजर का अलग अलग लॉग इन डिटेल्स भी बना सकते हैं|